प्रभात खबर

भारती भवन, एनसीइआरटी, एसचांद व बीटीबीसी की मिलीं नकली किताबें

पटना. पटना शहर के आलमगंज तथा बहादुरपुर थाना क्षेत्रों के पांच स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने भारी संख्या में भारती भवन, एनसीइआरटी, एस चांद तथा बीटीबीसी की नकली किताबें बरामद कीं. इसमें बीस हजार से अधिक किताबें तो सिर्फ भारती भवन की हैं. इसके साथ ही भारती भवन के नकली होलोग्राम और मोनोग्राम भी बरामद किये गये. सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि इस छापेमारी में पुलिस भर्ती परीक्षा के सैंपल प्रश्नपत्र भी बरामद किये गये.

दंडाधिकारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बुधवार की शाम से छापेमारी शुरू की जो गुरुवार को समाप्त हुई. बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अजीमाबाद कॉलोनी के संदलपुर रोड स्थित गोदाम में छापेमारी कर काफी मात्रा में नकली किताबें बरामद की गयीं.
इस छापेमारी में भारती भवन की किताब छापने के लिए रखे गये 200 से ज्यादा प्रिंटिंग प्लेटस भी बरामद किये गये. यह छापेमारी भारती भवन द्वारा नियुक्त निगरानी एजेंसी की निशानदेही पर की गयी. भारती भवन छात्रों में अधिकृत किताबें पहुंचाने के लिए एजेंसी की नियुक्ति कर रखी है, ताकि छात्रों को नकली की जगह सही किताबें मिल सके. एजेंसी ने किताबों की अनधिकृत छपाई और बिक्री की सूचना दंडाधिकारी को दी तब जाकर उन्होंने छापेमारी करायी. छापेमारी में किताब छापने वाली प्रिंटिंग मशीन तथा अन्य सामग्री भी बरामद की गयी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/patna/fake-books-found-in-raid-in-patna-city